ओ श्याम नीले वाले

ओ श्याम नीले वाले,
खाटू मुझे बुला ले,
दर्शन करूँगा तेरा,
पूजन करूँगा तेरा ॥

कब से ये इच्छा है मेरी,
सांवरे बांके बिहारी.....-2
मैं भी खाटू धाम पहुँच कर,
देखूँ नगरी तुम्हारी,
अपना मुझे बना ले,
चरणों से मुझे लगा ले,
दर्शन करूँगा तेरा,
पूजन करूँगा तेरा ॥

मेरी आँखों में है तृष्णा,
श्याम तेरे दर्शन की....-2
अब तो बुझा दो श्याम बिहारी,
प्यास मेरे नैनन की,
दुखिया पे रहम खा ले,
आँखों में भर उजाले,
दर्शन करूँगा तेरा,
पूजन करूँगा तेरा ॥

दर्शन पाके श्याम बिहारी,
दास ये तर जाएगा....-2
दर्शन जो नहीं दोगे तो,
बेमौत ये मर जाएगा,
सम्भले ना ये दिल संभाले,
बढ़कर मुझे उठा ले,
दर्शन करूँगा तेरा,
पूजन करूँगा तेरा।
ओ श्याम नीले वाले,
खाटू मुझे बुला ले,
दर्शन करूँगा तेरा,
पूजन करूँगा तेरा ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23617/title/oh-shyam-neele-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |